(5) तरुणावस्था या प्राक्किशोरावस्था (Puberty or Pre-adolescence) :- लड़कियों में यह अवस्था 11 वर्ष से 13 वर्ष की तथा लड़कों में 12-14 साल की होती है। इस अवस्था में बालिका का शरीर एक वयस्क के शरीर का रूप ले लेता है।

(6) प्रारम्भिक किशोरावस्था (Early adolescence - यह अवस्था 13-14 साल से प्रारम्भ होकर 17 साल तक की होती है, इस अवस्था में शारीरिक विकास तथा मानसिक विकास बालकों में अधिकतम होता है।

(7) परवर्ती किशोरावस्था (Later adolescence) - यह अवस्था 17 साल से 19-20 साल तक की होती है। इस अवस्था में बालक पूर्ण रूपेण शारीरिक तथा मानसिक रूप से स्वतंत्र हो जाता है। और अपने भविष्य के बारे में तरह-तरह की योजनाएँ बनाना शुरू कर देता है। बालक तथा बालिकाओं में विपरित लिंग (opposite sex) के व्यक्तियों के प्रति अभिरुचि अधिक हो जाती है।

(8) प्रारम्भिक वयस्कता (Early adulthood): यह अवस्था 21 साल से 40 साल की होती है। इस अवस्था में व्यक्ति शादी कर अपना घर परिवार बसाता है। और किसी व्यवसाय (occupation) में लग जाता है।

(9) मध्यावस्था (Middle age) यह अवस्था 40 से 60 साल की होती है। इसमें व्यक्ति द्वारा अपनी पूर्वप्राप्त उपलब्धि तथा आकांक्षाओं को काफी सुदृढ़ किया जाता है।

Scanned with CamScanner